रतले हाइड्रोइलेक्ट्रिक पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड
(एनएचपीसी लिमिटेड और जेकेएसपीडीसी लिमिटेड का संयुक्त उद्यम)
RATLE HYDROELECTRIC POWER CORPORATION LIMITED
(A Joint Venture of NHPC Limited and JKSPDC Limited)

रतले हाइड्रोइलेक्ट्रिक पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा 15 अगस्त 2025 को भारत का 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया

रतले हाइड्रोइलेक्ट्रिक पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड में" 79वां स्वतंत्रता दिवस" बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। शालीमार कार्यालय परिसर में आयोजित इस समारोह में रतले हाइड्रोइलेक्ट्रिक पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों, कर्मचारियों, अनुबंधित श्रमिकों व स्थानीय लोगों ने भाग लिया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री एम के कश्यप, मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया ।

इस शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि श्री एम के कश्यप ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया तथा स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी । उन्होने भारत माता को स्वतंत्र कराने के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले अमर शहीदों को याद किया और विशेष तौर पर आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे देश के इस पर्व पर सभी को हार्दिक बधाई दी । इस वर्ष भारत सरकार के "हर घर तिरंगा" अभियान की भी सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि इससे पूरे देश में एकता और देशभक्ति का प्रसार हुआ ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि महोदय ने आरएचपीसी की उपलब्धियों का उल्लेख किया। उन्होने कहा कि रतले परियोजना का कार्य 18.01.2022 को ईपीसी टर्नकी के अंतर्गत अवॉर्ड होने के पश्चात काफी कम समय में चिनाब रिवर को डाइवर्ट कर दिया गया है, कफार डेम का काम पुरा कर दिया गया है, प्रेसार शाफ्ट का काम पुरा कर लिया गया है, पवार इंन्टेक का एक्साभेशान पुरा कर लिया गया है तथा 11 स्टेट का साथ PPA मैं हस्ताक्षर कर दिया गया है । साथ ही पावर हाउस केभर्न, टी आर टी, रिभार बेड, प्रेसार साफ्ट, सार्ज चेम्बार आदि का उत्खनन कार्य प्रगति पर है । इस अवसर पर मुख्य अतिथि महोदय ने सभी कर्मचारियों के योगदान की सराहना की तथा आशा ब्यक्त की कि इस परियोजना को समय से पहले पूरा करने के लिए सभी प्रयास किए जाएंगे ।

दिनांक 14.08.2025 को चसोटी, किश्तवाड़ में हुई दुर्भाग्यपूर्ण विनाशकारी भूस्खलन घटना को ध्यान में रखते हुए, दिवंगत आत्माओं के सम्मान में स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान

कोई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित नहीं किया गया। स्वतंत्रता प्रश्नोत्तरी जेएनवी, स्कूल, शालीमार के विद्यार्थियों को प्रेरित करने के लिए आयोजित की गई थी तथा अंत में विद्यार्थियों को उत्साहवर्धन हेतु पुरस्कृत किया गया।

इस कार्यक्रम में श्री राजेश कुमार, महाप्रबंधक (सिविल), प्रवीण कुमार सिद्धू, महाप्रबंधक (सिविल), श्री जय प्रकाश, महाप्रबंधक (बित्त) व अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण और कार्मिक उपस्थित थे ।

कार्यक्रम की झलकियां

बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु पुरस्कार वितरण